हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 4 अप्रैल 2024


06 शिक्षक को किया निलंबित और जन शिक्षक का ...


07 पिच्छिका, कमंडल जीने के लिए है, अच्छे काम...



**लोकसभा क्षेत्र**
देवास

1 भाजपा प्रत्याशी
महेंद्र सिंह सोलंकी

2 कांग्रेस प्रत्याशी
राजेंद्र मालवीय

**पिछली बार कौन जीता**
महेंद्र सिंह सोलंकी

**जीत का अंतर**
3 लाख 72 हजार 249

## क्या रहेंगे मुद्दे?

देवास लोकसभा सीट पर मतदाता की समस्याएं कई हैं, लेकिन उसमें से नौकरी के लिए नजदीकी शहर इंदौर की डिपेंडेंसी सबसे ज्यादा है। इसके अलावा शिक्षा स्वास्थ्य के लिए भी इंदौर पर निर्भर रहना पड़ता है। वहीं बड़ी ट्रेन के प्लेटफार्म देवास में नहीं है। अयोध्या जाने वाली ट्रेन भी देवास से होकर नहीं जाती है। मेट्रो इंदौर से लेकर मऊ तक है, लेकिन देवास को छोड़ दिया गया है।

### जातीय समीकरण वाली सीट पर इस बार कांग्रेस और भाजपा ने बलाई समाज से उतारे अपने प्रत्याशी

# देवास सीट पर एक ही जाति के उम्मीदवार आमने-सामने

*देवास लोकसभा क्षेत्र की जनता किसी एक दल की होकर नहीं रही। वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई इस सीट के पहले सांसद कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा रहे। इसके बाद भाजपा के दो सांसदों ने इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। देवास लोकसभा सीट से बाहर से आए नेताओं को भी यहां की जनता ने जिताया है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

आनंद सक्सेना ⏭ भोपाल

देवास शाजापुर लोकसभा सीट जातीय समीकरण को लेकर काफी महत्वपूर्ण मानी जाती रही है। यही कारण है इस बार दोनों प्रमुख दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने बलाई समाज के उम्मीदवार उतारे हैं।

इस सीट पर बलाई व खटीक समाज का वोट बैंक निर्णायक माना जाता है। जो दल जातियों को साधकर चुनाव लड़ता है, उसकी चुनावी राह ज्यादा आसान मानी जाती है। इस बार भी भाजपा और कांग्रेस ने बलाई समाज के खाते में टिकट


महेंद्र सिंह सोलंकी


राजेंद्र मालवीय

बांटे हैं। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राधा किशन मालवीय के बेटे राजेंद्र मालवीय को इस बार कांग्रेस ने यहां से टिकट दिया है। वे बलाई समाज से आते हैं, जबकि भाजपा ने दोबारा महेंद्र सिंह सोलंकी को टिकट दिया है। सोलंकी भी बलाई समाज से हैं। वैसे देवास लोकसभा की संसदीय सीट पर दूसरे शहर में रहने वाले नेताओं को भी यहां की जनता ने संसद तक भेजा है।

यहां से वर्ष 2009 में सज्जन सिंह वर्मा सांसद बने, जो इंदौर के निवासी हैं। इसके अलावा मनोहर ऊंटवाल भी यहां से सांसद चुने गए थे। वे भी लोकसभा क्षेत्र के निवासी नहीं थे। परिसीमन से पहले फूलचंद वर्मा और थावरचंद्र गहलोत भी यहां से सांसद रहे। वर्मा भी इंदौर के निवासी रहे हैं और गेहलोत उज्जैन जिले के नागदा क्षेत्र में रहते हैं।

मौजूदा सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी देवास संसदीय क्षेत्र के ही निवासी हैं। 1984 में चुनाव जीते बापूलाल मालवीय भी शाजापुर संसदीय क्षेत्र के निवासी रहे हैं।

**कोई दल इस सीट पर भारी नहीं**

परिसीमन के पहले यह शाजापुर संसदीय क्षेत्र कहलाता था। तब भी यहां से जनसंघ, जनता पार्टी और कांग्रेस के उम्मीदवार जीते। इस बार भी भाजपा उम्मीदवार को परंपरागत वोट और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेटवर्क का फायदा मिलेगा। जबकि कांग्रेस उम्मीदवार के पिता राधाकिशन मालवीय का क्षेत्र में अच्छा नेटवर्क रहा है। ये भी बलाई समाज से आते हैं। राजेंद्र कांग्रेस का नया चेहरा है। जीतू पटवारी के कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बनने से खाती समाज भी मदद कर सकता है।

**आठ विधानसभा क्षेत्र से बनी है देवास लोस सीट**

देवास संसदीय क्षेत्र में आठ विधानसभा आती हैं। देवास जिले की 3 देवास, हाटपिपल्या, सोनकच्छ आती हैं, जबकि सीहोर विधानसभा क्षेत्र की एक आष्टा और शाजापुर की 3 शाजापुर, शुजालपुर, कालापीपल और एक आगर-मालवा विधानसभा सीट आती हैं। बता दें कि यहां से उत्तर भारत जाने के लिए ट्रेनों की संख्या कम है और रिजर्वेशन में लंबी कतार रहती है। शहर के उज्जैन रोड पर नागुखेड़ी तक डबलिंग रोड़ के साथ आरओबी का भी काम लम्बे समय से अटका है। कारखाने का पानी शिप्रा में मिल रहा है।

**बलाई व खटीक समाज का वोट बैंक निर्णायक**

देवास सीट पर बलाई, खटीक समाज का वोट बैंक निर्णायक माना जाता है। जो दल जातियों को साधकर चुनाव लड़ता है, उसकी चुनावी राह ज्यादा आसान मानी जाती है। वैसे देवास सीट पर मुख्य जातियां अपना योगदान देती हैं, जिन्हें उम्मीदवार महत्व देते हैं। इसमें बलाई, ठाकुर, रविदास, ब्राह्मण, सेंधव, पाटीदार, खाती, गुर्जर, जैन, मेवाड़ा, परमार, बैरवा, वाल्मीकि, सोंधिया, मुस्लिम, कायस्थ, भावसार शामिल हैं।

### लोकार्पण के 16 माह बाद नवरात्रि में भी नहीं होगा उपयोग

# मामला करोड़ों की लागत के तीर्थ यात्री सेवा सदन व तीर्थ यात्री विश्राम गृह का

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर पर बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं थी। जिसे देखते हुए मप्र तीर्थ स्थान मेला प्राधिकरण एवं धर्मस्व विभाग द्वारा यहां करोड़ो रूपये की लागत से तीर्थ यात्री सेवा सदन एवं तीर्थ यात्री विश्राम गृह का निर्माण करवाया गया। लेकिन इनका लोकार्पण होने के लगभग 16 माह बाद भी उपयोग प्रारम्भ नहीं हुआ है। आगामी चैत्र नवरात्रि में भी इसके उपयोग की कोई संभावनाएं नजर नही आ रही है। जिसके चलते इस सुविधा का लाभ दर्शनार्थियों को नही मिल पाएगा।

नगर में विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी का मंदिर स्थित है जहाँ प्रतिदिन हजारों दर्शनार्थी दूर - दूर से पहुंचते हैं। इनमें कई वीआईपी व वीवीआइपी होते हैं। मंदिर पर आम दर्शनार्थियों के साथ ही वीआईपी दर्शनार्थियों के ठहरने के साथ ही सुविधाघर भी नही होने के चलते लगभग 5 वर्ष पूर्व म.प्र. तीर्थ स्थान मेला प्राधिकरण एवं धर्मस्व विभाग द्वारा मंदिर मार्ग पर स्थित मंदिर की







भूमि पर तीर्थ यात्री सेवा सदन एवं तीर्थ यात्री विश्राम गृह निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। जोकि गत वर्ष बनकर तैयार हुवे थे। जिनका लोकार्पण दिसम्बर 2022 में तात्कालिक धर्मस्व मंत्री उषा ठाकुर एवं म.प्र तीर्थ स्थान मेला प्राधिकरण अध्यक्ष माखनसिंह चौहान द्वारा किया गया था।

जानकारी के अनुसार लोकार्पण के पश्चयात इन्हें माँ बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति को हैंड ओवर भी कर दिया गया था। लेकिन लोकार्पण के 16 माह बाद भी इनका उपयोग प्रारम्भ नही हो पाया है। गत वर्ष सितंबर माह में कलेक्टर राघवेंद्रसिंह द्वारा इनके निरीक्षण के दौरान शीघ्र ही इनका उपयोग प्रारम्भ करवाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन कलेक्टर के निर्देश पर भी अभी तक अमल नहीं हो पाया है।

**वीआईपी आगमन पर बिगड़ती हैं व्यवस्थाएं**

वर्तमान में जो भी वीआईपी मां बगलामुखी के दर्शन के लिए पहुंचते है उन्हें मंदिर आहते में स्थित कक्ष में ठहराया जाता है। जिसके कारण मंदिर पर कई प्रकार की व्यवस्थाएं बिगड़ती रहती है। क्योंकि प्रोटोकॉल प्राप्त वीआईपी को रिसीव करने से दर्शन, हवन करवाकर उनके गंतव्य के लिए रवानगी तक स्थानीय अधिकारियों के साथ ही मंदिर की व्यवस्थाएं सम्हालने वाले कर्मचारी भी उनके लिए व्यवस्था मुहैया करवाने में लगे रहते है। ऐसे में यदि तीर्थ यात्री विश्राम गृह उपयोग के लिए खोल दिया जाता है तो सभी आने वाले वीआईपी वहाँ रुककर अपने अन्य सारे कार्यो से निवृत्त होकर मंदिर पर मात्र दर्शन के लिए ही पहुंचेंगे। उनके अल्पाहार, भोजन आदि की सारी व्यवस्थाएं विश्राम गृह पर हो जाएगी ऐसे में मंदिर की व्यवस्था में लगे कर्मचारी वीआईपी ट्रीटमेंट से मुक्त हो जाएंगे।

**भक्त निवास व मंगल भवन का हो चुका है भूमिपूजन**

एक ओर मंदिर प्रबंध समिति 16 माह पूर्व लोकार्पित तीर्थ यात्री सेवा सदन एवं तीर्थ यात्री विश्राम गृह का उपयोग प्रारम्भ नही करवा पाई है वही दूसरी ओर सांसद रोडमल नागर की अनुशंसा पर शासन द्वारा इसी परिसर में 3 करोड़ रुपये की लागत के भक्त निवास एवं एक करोड़ की लागत के सामुदायिक मंगल भवन टीन शेड युक्त स्वीकृत किया गया है जिसका भूमिपूजन भी किया जा चुका है। ऐसे में यह विचारणीय प्रश्न है कि यदि इन सुविधाओं का उपयोग नही किया जाना है तो शासन की करोड़ो रूपये की राशि क्यो खर्च करवाई जा रही है।

**समिति के पास करोड़ों रुपए, फिर भी संसाधन नहीं**

स्थानीय मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति के पास बैंक खातों में करोड़ो रूपये जमा हैं। बावजूद 16 माह में समिति तीर्थ यात्री सेवा सदन व तीर्थ यात्री विश्राम गृह में आवश्यक संसाधन की पूर्ति नहीं कर पाई है। आखिर जिम्मेदार करोड़ो रूपये की लागत से निर्मित इन भवनों में आवश्यक संसाधन की पूर्ति कर आम दर्शनार्थियों के उपयोग के लिए क्यों नहीं खोल रहे हैं। शायद प्रबंध समिति में अशासकीय सदस्यों की नियुक्ति नही होना भी इसमें सबसे बड़ा कारण हो सकता है क्योंकि वर्षो से प्रबंध समिति में मात्र शासकीय अधिकारी व पदेन जनप्रतिनिधि ही शामिल है जो लगता है कि आम दर्शनार्थियों को सुविधाएं उपलब्ध नही करवाना चाहते हो।

**नवरात्रि के पूर्व आम दर्शनार्थियों के उपयोग के लिए खोले जाए**

आगामी चैत्र नवरात्रि पर के पूर्व मंदिर प्रबंध समिति द्वारा तीर्थ यात्री सेवा सदन एवं तीर्थ यात्री विश्राम गृह में आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाकर आम दर्शनार्थियों के उपयोग के लिए इन्हें खोला जाना चाहिए। जिससे कि सरकार द्वारा लगाए गए करोड़ो रूपये का लाभ दर्शनार्थियों को प्राप्त हो सके।

## गणगौर ग्रुप ने निकाला फूलपाती चल समारोह



**नलखेड़ा।** गणगौर ग्रुप द्वारा फूलपाती चल समारोह निकाला गया। स्थानीय गणेश मंदिर पर गणगौर ग्रुप की महिलाओं द्वारा सोलह दिन की पूजा की जा रही है। मंगलवार को गणगौर ग्रुप की महिलाओं द्वारा फूलपाती निकाली गई। जिसमें सभी ने गणगौर को झाले दिए और गणगौर के गीतों पर गाते झूमते हुए धूमधाम से गणगौर को निकाला।

### स्वीप कोर्डिनेटर की नियुक्ति

**नलखेड़ा।** जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में स्वीप गतिविधियों के उन्मुखीकरण एवं जिले का मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोर्डिनेटर की नियुक्ति की गई है। जारी आदेशानुसार सोशल मीडिया के लिए उप संचालक, जनसम्पर्क श्रीमती अनुराधा गहरवाल को स्वीप कोर्डिनेटर नियुक्त किया है। इसी तरह पीडब्ल्यूडी कोर्डिनेटर उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती किरण बरवडे, अर्बन एरिया कोर्डिनेटर पीओ डूडा पवन कुमार फुलफकीर, जेण्डर स्वीप कोर्डिनेटर सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती रीना शर्मा, यूथ स्वीप कोर्डिनेटर प्राचार्य लीड कॉलेज आगर, फारेस्ट एरिया स्वीप कोर्डिनेटर एसडीओ फारेस्ट जामसिंह मुवेल एवं रूरल एरिया स्वीप कोर्डिनेटर संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को नियुक्त किया है।

## विधानसभा सुसनेर में 7 मई और आगर में 13 मई को मतदान होंगे

**नलखेड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए घोषित कार्यक्रम अनुसार विधानसभा सुसनेर संसदीय क्षेत्र राजगढ़ में तीसरे चरण में 07 मई को मतदान होंगे तथा विधानसभा आगर, संसदीय क्षेत्र देवास में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होंगे। विधानसभा सुसनेर संसदीय क्षेत्र राजगढ़ के लिए अधिसूचना का प्रकाशन 12 अप्रैल को होगा, अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही अभ्यर्थियों से नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। अभ्यर्थी अपना नाम निर्देशन पत्र 19 अप्रैल तक जमा कर सकेंगे। नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा 20 अप्रैल को होगी तथा अभ्यर्थिता से नाम वापस 22 अप्रैल तक लिये जा सकेंगे तथा मतदान 07 मई को होगा। इसी तरह विधानसभा आगर, संसदीय क्षेत्र देवास में 18 अप्रैल को अधिसूचना का प्रकाशन होगा तथा 25 अप्रैल तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे, नाम निर्देशन पत्र की जांच 26 अप्रैल को होगी, अभ्यर्थिता से नाम वापस 29 अप्रैल तक लिए जा सकेंगे तथा मतदान 13 मई को होंगे। दोनो चरण की मतगणना 04 जून को होगी।

## मुख्यमंत्री के निर्देश का पालकों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा किसी भी प्रायवेट विद्यालय द्वारा पालकों को कॉपी-किताब, यूनिफार्म निर्धारित स्थानों से खरीदने पर बाध्य करने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का स्थानीय स्तर पर पालकों ने स्वागत किया है। सोमवार से नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ हुआ और उसी दिन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा निजी स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए निर्देश जारी करते हुए किसी भी निजी स्कूल द्वारा पालकों को कॉपी किताब यूनिफार्म निर्धारित स्थान से खरीदने के लिए बाध्य करने की शिकायत पर नियमानुसार 2 लाख रुपये तक के जुर्माने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किए हैं।

जिला कलेक्टरों को जारी किए गए पत्र में मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस अधिनियम के तहत कार्रवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसमें इस अधिनियम के तहत स्कूल संचालक पर 2 लाख तक जुर्माना हो सकता है। स्थानीय पालकों द्वारा उक्त निर्देशो का स्वागत करते हुए बताया कि नगर में भी ऐसे कई निजी स्कूल है जिनकी कॉपी किताब अथवा यूनिफार्म केवल एक ही स्थान पर मिलते हैं। जिसके कारण उन्हें महंगे दामो पर खरीदने को मजबूर होना पड़ता है। मुख्यमंत्री के उक्त निर्देशों के बाद पालकों को कुछ राहत मिलने की संभावना है।

### नगर में समाजजनों ने निकाला चल समारोह, स्वामी वात्सल्य कार्यक्रम हुआ

# भगवान आदिनाथ की जयंती पर मंदिर में हुए विभिन्न आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की जयंती पर दिगंबर जैन समाज द्वारा मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। वहीं नगर में एक चल समारोह निकाला गया जो नीमा कॉलोनी स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर चौक बाजार स्थित सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा।

बुधवार को दिगंबर जैन समाज द्वारा जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जी की जयंती मनाई गई। भगवान आदिनाथ की जयंती के अवसर पर नीमा कॉलोनी स्थित 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धार्मिक आयोजन किए गए। प्रातः शांतिधारा, नित्य नियम पूजन समाज जनों द्वारा किया गया उसके पश्चात दोपहर 4 बजे नीमा कॉलोनी स्थित







आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से एक चल समारोह गाजे-बाजे ढोल धमाकों के साथ निकाला गया। चल समारोह में आगे - आगे तीन अश्व पर समाज के बालक हाथ में धर्म ध्वजा लिए बैठे हुए थे। वहीं रजत वेदी में श्रीजी को विराजित कर समाज के युवा पूजन के वस्त्र में वेदीजी को कंधों पर उठाकर चल रहे थे। चल समारोह में महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर शामिल थीं।

चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ चौक बाजार स्थित सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा जहां देव दर्शन के पश्चात चल समारोह वापस नीमा कॉलोनी स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा जहां आदिनाथ भगवान का अभिषेक पूजन किया गया। भगवान आदिनाथ जयंती के अवसर पर समाज जनों द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्य करने के लिए बोली लगाई गई। जिसमें लाभार्थी परिवारों द्वारा प्रथम कलश करने, प्रथम शांति धारा करने का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में आदिनाथ युवा मंडल द्वारा समाज जनों का स्वामी वात्सल्य का कार्यक्रम रखा गया।

## खबर संक्षेप

### 10 अप्रेल बुधवार को शहर में मांस विक्रय रहेगा प्रतिबंधित

**देवास।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार निगम सीमा क्षेत्र में 10 अप्रेल बुधवार को चेटीचंड भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस के अवसर पर सभी प्रकार के मांस विक्रय पर प्रतिबंध रहेगा। नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा ने बताया कि 10 अप्रेल बुधवार को चेटीचंड भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस पर निगम सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त पशुवध गृह, मांस,मटन,चिकन,मछली एवं अण्डे के व्यवसाय पर पूर्णतः प्रतिबंध के साथ दुकानें बंद रहेंगी। अपालन की स्थिति में नियम अनुसार चालानी कार्यवाही के साथ दुकानें सील की जाएगी।

### मतदाता जागरूकता के लिए बनाए सेल्फी पाइंट

**देवास।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता तथा सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप अभियान हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी के तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर वोटर सेल्फी पाइंट बनाए गए हैं। इन वोटर सेल्फी पाइंट पर मतदाताने सेल्फी ले रहे है। मतदाताओं ने कहा कि "मेरा वोट-मेरा अधिकार है"। इसलिए हम आगामी लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करें।

### कलेक्टर ने सोनकच्छ में उपार्जन केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

# शिक्षक को किया निलंबित और जन शिक्षक का वेतन काटने के निर्देश

एकीकृत हाई स्कूल बीसाखेडी के प्राथमिक शिक्षक और स्कूल प्रभारी का दो-दो दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोनकच्छ विकासखण्ड के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों, मतदान केन्द्रों, आंगनवाड़ी केन्द्रों और मतदान दलों को लोकसभा निर्वाचन के लिए दिये जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। प्राथमिक शाला मुरम्या के निरीक्षण के दौरान शिक्षक मधुकर भार्गव और जन शिक्षक सुश्री मंगला धाकड़ द्वारा एफएलएन की जानकारी नहीं देने पर गुप्ता ने शिक्षक मधुकर भार्गव को निलम्बित करने और जन शिक्षक मंगला धाकड़ का एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिये। पीएचई विभाग को स्कूल परिसर में बोरिंग करने एवं प्याऊ को चालू करने के निर्देश दिये। पंचायत भवन में बनाये गये मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया और सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक कार्य समय रहते कर लें। एकीकृत हाई स्कूल बीसाखेडी का निरीक्षण कर जर्जर स्कूल भवन को तोडने के निर्देश पीडब्ल्यू विभाग को दिये। प्राथमिक शिक्षक एकता कुंभकार और स्कूल प्रभारी दिनेश चौहान द्वारा एफएलएन एवं दक्षता उन्यन के बारे में जानकारी नहीं देने और एफएलएन बुक को चेक नहीं करने पर दो-दो दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। पीएचई को निर्देश दिये कि स्कूल में पुरानी पानी मोटर की जगह नई पानी की मोटर लगाये। निरीक्षण के दौरान में स्कूल में साफ-सफाई रखने के निर्देश भी दिये। बीसाखेडी में पंचायत भवन में बनाये गये मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया और सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दिये। बीसाखेड़ी में आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण किया। आंगनवाडी कार्यकर्ता रामकन्या दुबे और सुपरवाईजर फिरदोस शेख द्वारा आंगनवाडी केन्द्र पर बच्चों के लिए अच्छा कार्य करने पर कलेक्टर गुप्ता ने बधाई दी। आंगनवाडी केन्द्रों में उपस्थित बच्चों से चर्चा की और आंगनवाडी केन्द्र में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।उपार्जन केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान बीसाखेडी में प्रभु कृष्ण वेयर हॉउस, बैराखेडी फाटा में सांवरिया लॉजिस्टिक वेयर हॉउस, पीपलरावां में सिद्धि विनायक वेयर हॉउस, शासकीय वेयर हाउस सोनकच्छ का निरीक्षण कर किसानों से गेहूं की गुणवत्ता, तौल व्यवस्था, गेहूं उत्पादन, मंडी दर, आदि व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। सभी उपार्जन केन्द्रों में कृषक सुविधायें, तौल, गुणवत्ता मापदण्ड का पालन करने के लिए संबंधित अधिकारी को



निर्देशित किया। गुप्ता ने सोनकच्छ में मतदान दलों को दिये जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और निर्वाचन संबंधी प्रश्न पूछे तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, एसडीएम टोंकखुर्द कन्हैयालाल तिलवारी, तहसीलदार मनीष जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि वसूली जाएगी

### खेतों की जैव विविधता होती है नष्ट



**देवास।** खेतों में इस तरह नरवाई में लगाई जा रही आग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

उप संचालक कृषि ने देवास जिले के किसानों से आग्रह किया है कि किसान खेतों में फसल अवशेष (नरवाई) ना जलावें, फसल कटाई के बाद बचे फसल अवशेषों में आग लगाने से पर्यावरण गंभीर रूप से प्रभावित होता है। भूमि में उपलब्ध जैव विविधता समाप्त हो जाती है। जिले में नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि देय होगी। जो दो एकड़ से कम पर 02 हजार 500, दो एकड़ से अधिक व 5 एकड से कम पर 05 हजार रूपये और 05 एकड़ से अधिक पर 15 हजार रूपये अर्थदण्ड वसूला जायेगा।

नरवाई जलाने से भूमि में उपस्थित सूक्ष्म जीव एवं केचुआं सहित पशु-पक्षी आदि विभिन्न जीव जलकर नष्ट हो जाते हैं। इनके नष्ट होने से खेत की उर्वरकता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। फसल अवशेषों को खेत में ही मिट्टी पलटने वाले हल से या रोटावेटर से मिलाएं, जिससे खेत की उपजाऊ क्षमता में वृद्धि होगी। गेहूं की फसल काटने के पश्चात जो तने की अवशेष अर्थात नरवाई होती है, उसमें लगभग नत्रजन 0.50 प्रतिशत, स्फूर 0.6 और पोटाश 0.8 प्रतिशत पाया जाता है, जो नरवाई में जलकर नष्ट हो जाता है। भूमि की ऊपरी पर्त में उपलब्ध आवश्यक पोषक तत्व आग लगने के कारण जलकर नष्ट हो जाते हैं। भूमि की भौतिक दशा खराब हो जाती है, भूमि कठोर हो जाती है, जिसके कारण भूमि की जलधारण क्षमता कम हो जाती है। इसके फलस्वरूप फसलें जल्दी सूखती है। भूमि में होने वाली रासायनिक क्रियाएं भी प्रभावित होती है, जैसे कार्बन व नाइट्रोजन एवं कार्बन और फास्फोरस का अनुपात बिगड़ जाता है, जिससे पौधों को पोषक तत्व ग्रहण करने में कठिनाई होती है। नरवाई की आग फैलने से जन-धन की हानि होती है एवं पेड़ पौधे जलकर नष्ट हो जाते हैं। गेहूं फसल के दाने से डेढ़ गुना भूसा होता है। अर्थात एक हेक्टर में 40 क्विंटल गेहूं का उत्पादन होगा तो भूसे की मात्रा 60 क्विंटल होगी और इस भूसे से 30 किलो नत्रजन, 36 किलो स्फूर, 90 किलो पोटाश प्रति हेक्टर प्राप्त होता है।

# 72 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त कर 1 व्यक्ति को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार तथा सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा जिले भर में लगातार कार्यवाही की जा रही है।

आबकारी दल द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर देवास वृत्त के ग्राम मड़का में एक रिहायशी मकान की विधिवत तलाशी लेने पर कुल 72 बल्क लीटर देशी/विदेशी मदिरा बरामद हुई तथा मौके से आरोपी को पकड़ कर प्रकरण दर्ज किया गया। कार्यवाही में वृत्त प्रभारी उमेश स्वर्णकार, राजकुमारी मंडलोई, उपनिरीक्षक प्रेम यादव एवं डी.पी. सिंह, दिनेश भार्गव,राजा राम रैकवार, दीपक धुरिया, नितिन सोनी, सनत ओझा, गुरुदत्त शर्मा, आशीष गुप्ता, केदार चौधरी, संजय शर्मा शामिल थे। जिले में आबकारी विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# अखबार विक्रेता ने सड़क पर पड़ा मोबाइल मालिक को लौटाया, दिया ईमानदारी का परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



वरिष्ठ अखबार विक्रेता एवं सनाढ्य ब्राह्मण सामाजिक संस्था के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र भारद्वाज ने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए सड़क पर पड़ा मोबाइल उसके मालिक को लौटाया।

भारद्वाज ने बताया कि नित्य कार्य अखबार बिल कलेक्शन का कार्य निपटा कर अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान शाम के समय 15 हजार रुपए की कीमत का गैलेक्सी ए50एस सेमसंग मोबाइल बीमा रोड स्थित रानीबाग में बीच सड़क पर पडा दिखा। उस मोबाइल पर काफी समय से कई नंबरों से फोन भी आ रहे थे। उस बीच में मैंने फोन उठाकर बात की तो वह मोबाइल अनुकूल नगर निवासी धर्मेश राणा का निकला। राणा को भारद्वाज ने अपने घर पर बुलाया और सहसम्मान मोबाइल लौटाया। राणा एक मध्यमवर्गीय परिवार से है। मोबाइल पाकर राणा खुश हुए और भारद्वाज को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### देवास पहुंचे कालीचरण महाराज, कहा- जो हिंदू हित की बात करे उसे दे अपना वोट



**देवास।** कालीचरण महाराज मंगलवार रात को देवास पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि जो हिंदू हित की बात करें उसे ही अपना वोट दें। जानकारी के अनुसार गंगानगर मातोश्री में नवीन सिंह सोलंकी के यहां पर कालीचरण महाराज पहुंचे थे। जहां पर उन्होंने मीडिया के सामने लोकसभा निर्वाचन को लेकर कहा कि जो भी हिंदू हित की बात करें उससे ही अपना वोट दें और मतदान अवश्य करें। क्योंकि आपका एकमत हिंदू राष्ट्र की नींव का पत्थर बनेगा। वही देवास टेकरी पर बनने वाले देवीलोक के लिए विधायक गायत्री राजे पंवार साहब को अपने वादे को पूरा करने के लिए एवं विधानसभा चुनाव में उनकी प्रचंड जीत पर बधाई दी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओम जोशी, भरत चौधरी, मिलींद सोलंकी, सचिन जोशी, गौरव जैन भोमिया एवं परिवार के सदस्य व मित्र शामिल हुए।

# जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में हुआ युवा चौपाल का आयोजन, लेकसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा



आगामी लोकसभा चुनाव को मद्दे नजर रखते हुए, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी के नेतृत्व में बागली विधानसभा अंतर्गत प्रत्येक गांव में युवा चौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आगामी दिनों में लोकसभा चुनाव के लिए युवा कर्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा रहा है। बुधवार के दिन चापडा नगर के ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी एवं मंडल अध्यक्ष अंकुर कानूनगो की उपस्थिति में युवा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष सोनी ने युवा कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा करते हुए बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बागली विधानसभा में 13 मई को मतदान होना है। जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रियता से कार्य करते केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर मतदाताओं के बीच में पहुंचकर कार्य करना है। कई महत्वपूर्ण बिंदुओ पर कार्यकर्ताओं से चर्चा कि गई। इस दौरान युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष का स्वागत किया गया। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी द्वारा ऋणमुक्तेश्वर महादेव भगवान का पूजन किया गया। इस दौरान सचिन सेंधव, रविन्द्र सेंधव, नितेश जैन सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों का प्रशिक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली




लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान दलों के प्रथम चरण का 6 दिवसीय प्रशिक्षण जिलाधीश ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी आनंद मालवीया,नोडल अधिकारी प्रो डॉ समीरा नईम के दिशा-निर्देश में माडल स्कूल में 2 अप्रैल से 6 अप्रैल तक जारी है। कुल 1134 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। केन्द्र प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजू मेढा की व्यवस्था के साथ मास्टर ट्रेनर एन एस भंडोले,प्रो बृजेश प्रसाद,मदनलाल पाटीदार, राजेन्द्र शर्मा, वारिस अली, महेश गोस्वामी, दिनेश धानवे, प्रकाश डाबी, कन्हैयालाल परमार, विक्रम परमार, रमाकांत दांगी,लोकेन्द परिहार, सुभाष पाठक आदि के द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया, ईवीएम संचालन व निर्वाचन प्रपत्रों को पूर्ण करना विस्तार से बताया जा रहा है। प्रशिक्षण कक्षों में एल ई डी आदि की व्यवस्था जी एल बाथरी द्वारा संचालित की जा रही है। प्रशिक्षण 6 कक्षों में प्रातः 11 से शाम 5 बजे तक प्रदान किया जा रहा है।उक्त जानकारी निर्वाचन शाखा प्रभारी प्रहलाद चावड़ा ने प्रदान की।

### स्थानांतरित न्यायाधीशों का अभिभाषक संघ ने स्वागत कर दी विदाई

# न्यायाधीशों के कार्यकाल को हमेशा याद रखा जाएगा: वर्मा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिला एवं सत्र न्यायालय देवास में पदस्थ 11 न्यायाधीश अन्यत्र जगह पर स्थानांतरित हुए। जिनका विदाई एवं स्वागत समारोह जिला अभिभाषक संघ द्वारा संघ परिसर में आयोजित किया गया। अध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनु सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटूम्ब न्यायालय सविता सिंह प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, देवास के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश डॉ. कु. महजबीन खान, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निहारिका सिंह, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश शिव कुमार कौशल, सप्तम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड अब्दुल अजहर अंसारी, षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड आफरीन युसूफजई, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश श्वेता अग्रवाल, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड नेहा पाराशर, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड के तृतीय अति. न्यायाधीश पारूल जैन, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश संध्या मुगदल आदि देवास से अन्य स्थानों पर स्थानांरित हुए। सभी स्थानांतरित न्यायधीशों का जिला अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष पंकज पड्या, उपाध्यक्ष (महिला) गीता शर्मा, सचिव अतुल कुमार पंड्या, सहसचिव जितेन्द्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह तोमर, पुस्तकालय सचिव श्वेतांक राज शुक्ला आदि पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत कर व शुभकामनाएं देते हुए वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी समस्त स्थानांतरित न्यायाधीशों के कार्यकाल को हमेशा याद रखा जाएगा। संचालन सचिव अतुल कुमार पंड्या ने किया एवं आभार उपाध्यक्ष पंकज पड्या ने माना। इस अवसर पर वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता बडी संख्या में मौजुद थे।

# बागली के न्यायालय परिसर में हुआ पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

न्यायालय परिसर बागली में कार्यक्रम आयोजित कर पौधारोपण किया गया। इस दौरान एडीजे बारपेटे ने कहा कि पर्यावरण, हरीतिमा, हरियाली और खुशहाली प्रदान करते हैं।तपन में शीतलता प्रदान करते हैं। वृक्षारोपण से भी अधिक जरूरी है, लगाए गए पौधों का संरक्षण व उनकी देखभाल करना। न्यायाधीश जाटव ने सभी को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया और शुरुआत स्वयं से की। कुदाली,सांग से गड्ढे खोदकर पौधारोपण किया। बाद में उनमें मिट्टी और पानी डाला और सभी की सहभागिता को सुनिश्चित कर सबको साथ लेकर पौधारोपण की श्रृंखला बढ़ाते रहने का संकल्प लिया। पौधारोपण के साथ उन्होंने श्रम की महत्ता को भी रेखांकित कर अभिव्यक्त किया। इस दौरान कई प्रजाति के पौधो को रोपित किया गया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष महेंद्र पाटीदार,वरिष्ठ एडवोकेट प्रवीण चौधरी सहित सभी अभिभाषक उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## प्रियांशु का हुआ नवोदय विद्यालय में चयन



जावर। प्रियांशु जितेंद्र सिंह मालवीय ग्राम झीकड़ी खुर्द किसान के बालक का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ। प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, ग्रामीण क्षेत्र के किसान जितेन सिंह मालवीय के पुत्र प्रियांशु मालवीय का चयन नवोदय विद्यालय श्यामपुर के लिए हुआ है। छात्र शासकीय प्राथमिक शाला झीकड़ी खुर्द में अध्यनरत है, चयन होने पर क्षेत्र के शिक्षक गण करण सिंह मालवीय, ओमपकाश मालवीय व जन शिक्षक रामचरण लुवाना, जन शिक्षक सुरेश चंद राठौड़ एवं सीताराम चौहान, बलवान सिंह मथानिया, भंवर सिंह ठाकुर, सुरेंद्र कुमार जैन, शरद कुमार जैन, कैलाश सिंह ठाकुर, शौभाल सिंह ठाकुर ,चंद्रपाल भावसार, शिक्षिका रामसभा तोमर, सविता ठाकुर, शिक्षक विमल कुमार जैन, चेतन सिंह ठाकुर तथा संकुल प्राचार्य अनार सिंह ठाकुर व समस्त संकुल केंद्र के शिक्षको द्वारा इस उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई व शुभकामना दी है।

### पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर दिए आशीष वचन

# पिच्छिका, कमंडल जीने के लिए है, अच्छे काम कल पर नहीं छोड़ना चाहिएः मुनिश्री

### मुनिश्री के समक्ष समाज जन ने महावीर जयंती और गुरु के समाधि स्थल पर भूमि पूजन तक सानिध्य देने की विनती की

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मानव के आगे देवता भी सुंदर नहीं, नेचुरल रहे, चेहरे को ज्यादा पौता -पौती नहीं करें। लेखक भी मायाचारी को पसंद नहीं करते हैं।हम साक्षात दिखाते हैं।पिच्छिका और कमंडल जीने के लिए है। अच्छे काम कल पर नहीं छोड़ना चाहिए।साधारण व्यक्ति तृष्णा इंद्रिय को पार नहीं कर सकता है। अरहनाथ भगवान ने इसे जीत लिया था। तृष्णा के कारण दुःख उत्पन्न होता है। संसारी प्राणी मोह में उलझा रहता है। समय का सदुपयोग करें। मरण व्यक्ति को रूलाता है। जन्म,जरा और मृत्यु तीनों को साथ लेकर मनुष्य चलता है। गुरुदेव भूतबलि सागर महाराज ने हमें जो दिया वह शास्वत है।

कम से कम समाधि की भावना बनाएं। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनि सागर महाराज ने कहा कि आठ कर्म ही पापी है, मोहिनी कर्म बहुत बलवान है और मुख्य शत्रु है। पुण्य प्रवृत्ति मित्र समान और पाप प्रवृत्ति शत्रु के समान है। मोहिनी कर्म का नाश करना होगा। मोहिनी कर्म के नाश करने पर ही अरिहंत पद की प्राप्ति होगी। अगर एक धागा भी शरीर पर है तो मोक्ष नहीं होगा।

अच्छे काम कल पर नहीं छोड़ना चाहिए बल्कि आज ही और तत्काल करना चाहिए। सादा जीवन उच्च विचार के भाव रखें। समय का मोल है,जीवन अनमोल है,इसे सफल करें।आप लोगों का पुण्य गाढ़ा है, लेकिन पुरुषार्थ कमजोर है। हमारा पुरुषार्थ गाढ़ा है, पुण्य कमजोर है। कुछ लोग अपने शरीर की शोभा बढ़ाते हैं। जबकि आत्म कल्याण बढ़ाना चाहिए। जैन मूर्तियां बनती है तो बिना राग की ।हमारी प्रतिमा और मुनि वीतरागी होते हैं। रागी और राग को आज लोग पूज रहे हैं , इसीलिए वीतरागी बनने का मन लोगों का नहीं हो रहा है।पूजा में भी राग करने लगे हैं,यह ठीक नहीं है। मुनिश्री ने कहा कि बोलने के बाद भी बदलाव नहीं आ रहा है। देश के बच्चों को संस्कार नहीं दोगे तो चैत्यालय के स्थान पर वैश्यालय जाएगा। जीना है तो सुना करों।जब रोज नहाते हो तो अभिषेक भी रोज करना चाहिए। गुरु के बताए मार्ग पर चले, गुरु ने जो शिक्षा, दीक्षा दी है उस पर अमल करें। गुरु आज्ञा सर्वोपरी होना चाहिए।

# कृषि उपज मंडी से शुल्क की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को मिली सजा

### पांच हजार रूपए के अर्थदंड से किया दंडित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राखी सिकरवार जेएमएफसी, द्वारा आरोपी सुरेन्द्र सिंह राठौर पिता स्वव. राजेन्द्र सिंह राठौर उम्र 59 वर्ष निवासी गल्लाा मंडी को धारा 420 भादवि में 01 वर्ष का साधारण कारावास की सजा के साथ 5000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मीडिया सेल प्रभारी केदार सिंह कौरव ने बताया कि कृषि उपज मंडी समिति सीहोर के अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी मेसर्स सुरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह के प्रोपराईटर सुरेन्द्र सिंह राठौर द्वारा मेसर्स बिठ्ठल दास एण्ड संस व्यापारी अनुज्ञप्तिधारी कृषि उपज मंडी समिति भांडेर जिला दतिया से अनुज्ञा पत्र क्र. 3524/19 व 3524 20 09 जुलाई 2013 से क्रमशः कृषि उपज सोयाबीन 270-270 क्विंटल क्रय की गयी थी।

कृषि उपज मण्डी समिति भांडेर को अनुज्ञा पत्र सत्यापन हेतु पत्र जारी किया गया था। कृषि उपज मण्डी समिति भाण्डेर के पत्र क्रमांक 385 24 दिसंबर 2013 से उक्त अनुज्ञा पत्रों का सत्यापन नहीं किया गया था। संयुक्त संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल द्वारा अनुज्ञापत्र सत्यापन के दौरान फर्जी पाये जाने वाले अनुज्ञा पत्र धारक सुरेन्द्र सिंह राठौर मेसर्स सुरेन्द्रसिंह, राजेन्द्रसिंह निवासी मण्डी सीहोर के विरूद्ध एफआई.आर दर्ज कराने व विधि अनुसार मंडी फीस तथा दंड की वसूली किया जाना व लायसेंस नियमानुसार निरस्त किये जाने के स्पष्ट निर्देश प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के पत्र क्रमांक 523 दिनांक 14.08.2013 द्वारा दिये गये। निर्देश व आंचलिक कार्यालय म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के पत्र क्रमांक 365 दिनांक 24.04.2014 के पालन में मण्डी समिति सीहोर द्वारा अनुज्ञा पत्र जमाकर्ता सुरेन्द्र सिंह राठौर को नियमानुसार 5 गुना मण्डी फीस 1,91,700/-रूपये दिनांक 07.10.2013 को वसूली की गई है।

इस प्रकार सुरेन्द्र सिंह राठौर मेसर्स सुरेन्द्र सिंह राजेन्द्र सिंह मण्डी सीहोर द्वारा हेराफेरी कर मण्डी शुल्क का अपवंचन के कृत्य में सम्मिलित होकर राजस्व को क्षति पहुंचाई है। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से अभियुक्त के विरूद्ध आरक्षी केन्द्र मण्डी, सीहोर में प्रथम सूचना रिपोर्ट अंतर्गत अपराध क्र. 181/2014 अंतर्गत धारा-420 भा.द.वि का दर्ज की गयी। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र अभियुक्त के विरूद्ध न्यायालय के समक्ष विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया। प्रकरण मे शासन की ओर पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी जिला सीहोर प्रमोद अहिरवार द्वारा की गई हैं।

# अखाड़े के कोच ने नाबालिग से की छेड़छाड़, कोर्ट ने की 3 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अखाड़े के कोच ने नाबालिग बालिका के साथ बुरी नियत से छेड़खानी करने पर न्यायालय ने 03 वर्ष का सश्रम कारावास व 1000/-रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। यह फैसला विशेष न्यायाधीश पास्को अभिलाष जैन ने सुनाया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक केदार सिंह कौरव ने करते हुए बताया कि पीड़िता द्वारा दिनांक 24 अप्रैल 23 को पुलिस महिला थाना सीहोर पर उपस्थित होकर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि दिनांक 23 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे मैं तथा मेरा छोटा भाई घर पर थे।

मेरे माता-पिता काम पर गये थे, तभी मोहल्ले का आखडे का कोच संतोष मेरे घर आया और मेरे माता-पिता के बारे में पूछने लगा और कहने लगा कि घर पर आना कुछ काम हैं, मैं थोड़ी देर बाद संतोष के घर गई तो उसने घर की खिडक़ी बंद कर दी और बोला कि मेरे पास आओ और मेरा बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया, मैं जोर से चिल्लाई और हाथ छुड़ाकर वहां से भाग गई, मेरे माता-पिता घर पर नहीं थे तब मैं अपने चाचा-चाची के घर गई तो संतोष वहां भी आ गया और मुझे आंख दिखाकर डराने लगा।

मैंने डर के कारण उक्त बातें अपने माता-पिता को नहीं बतायी और फिर संतोष मेरे घर बार-बार चक्कर लगा रहा था, जिसे देखकर मैं डर गई थी फिर शाम को घटना मैंने अपने माता-पिता को बतायी। पीड़िता की उक्त घटना की रिपोर्ट के आधार पर महिला थाना सीहोर में अपराध पंजीबद्ध किया गया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

प्रकरण में अनुसंधानकर्ता द्वारा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एंव लिखित तर्को से सहमत होते हुये न्यायालय द्वारा आरोपी संतोष मालवीय (40) पिता रमेश कुमार मालवीय निवासी दशहरा वाला बाग मंत्री पेट्रोल पम्प के पीछे इन्दौर नाका सीहोर को दोषी पाते हुये धारा 7/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का सरंक्षण अधिनियम में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं धारा 354 भादवि में 02 वर्ष का सश्रम कारावास और कुल 1,000/-रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इसी के साथ ही न्यायालय द्वारा पीड़िता को 50 हजार रूपये प्रतिकर दिये जाने का आदेश पारित किया।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड जावर की प्रखंड बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की विस्तार से चर्चा की गई। जैसा की प्रांत बैठक आष्टा में इसके बाद विभाग बैठक सलकनपुर में, इसके पश्चात जिला बैठक सीहोर जिला के गुड भेला में संपन्न हुई। प्रखंड बैठक जावर में संपन्न हुई। जिसमें विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी, जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाह, जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज ठाकुर, जिला सहसंयोजक आशीष जिला सह मंत्री मंगलेश व जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश की उपस्थिति में जिला बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यों की योजना के पश्चात धर्म रक्षा निधि का भी शुभारंभ किया गया। धर्म रक्षा निधि समाज से किस प्रकार एकत्रित करना है, राशि कहां पर काम आती है। इसकी विस्तार से जानकारी संगठन के माध्यम से मिली बैठक में प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर ,प्रखंड उपाध्यक्ष मनोहर सिंह, प्रखंड से संयोजक अर्जुन सिंह समरसता ,प्रमुख सुनार सिंह, गौ रक्षा प्रमुख कैलाश सिंह, सह गो रक्षा प्रमुख नरेंद्र वर्मा, कजलास खंड अध्यक्ष राम सिंह ठाकुर, ग्वाला खंड अध्यक्ष बहादुर सिंह ठाकुर, खजुरिया खंड संयोजक भूपेंद्र सिंह ठाकुर, जावर नगर उपाध्यक्ष विशाल ठाकुर, अभिषेक शर्मा, शिव पिरजापति उपस्थित रहे। संचालन व आभार लखन सिंह ठाकुर ने किया।

## उपमुख्यमंत्री देवड़ा का दर्जी समाज ने किया स्वागत



आष्टा। दामोदर गुजराती दर्जी समाज आष्टा के अध्यक्ष राजीव हीरालाल पवार के नेतृत्व में पमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मध्य प्रदेश शासन का अपर्णा पहनाकर प्रतीक चित्र भेंट करके स्वागत किया। समाज व पार्टी की गतिविधि से उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया। इसके पश्चात सभी ने सेल्फहांर किया। अध्यक्ष राजीव पवार ने उपमुख्यमंत्री से सभी का परिचय कराया। इस अवसर पर कैलाश महेश्वरी, पूरणमल नायक, रतन पवार, कन्हैया लाल गहलोत, कमलेश महेश्वरी, पहलाद मकवाना, बाबूलाल परमार, मंजू, शरद वाघेला, निखिल सुराणा, आदित्य खत्री, ऋषभ जैन, करण पालीवाल, उत्थान धरवा, निकुंज, ऋषभ सोनी, प्रियांश श्री मोड, स्वप्निल रावत, विशाल रैकवार, मोहित पवार, अमित पवार व युवा उपस्थित थे।

# 13 साल पुराने स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



शातिर वारंटी के विरुद्ध न्यायालय द्वारा वर्ष 2011 से लंबित प्रकरण में स्थाई वारंट जारी किया गया था । दिनांक 02 अप्रैल 24 को थाना आष्टा चौकी अमलाहा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की थाना आष्टा का पुराना स्थाई वारंटी होली पर्व पर अपने घर आ सकता है। सूचना पर पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आरोपी के संबंध में जानकारी एकत्रित की व आरोपी के घर आने का इंतजार करने लगे। जिसे आज घेरा बंदी कर यात्री प्रतीक्षालय श्यामपुर से पकडा स्थाई वारंटी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गौरतलब है की वर्तमान में सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में आगामी लोक सभा निर्वाचन के दृष्टि गत आदर्श आचार संहिता प्रभाव शील है। इसी अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब, गुण्डा बदमाश व स्थाई वारंटियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने संबंधी निर्देश दिये गये थे। इसके पालन में अति. पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग व अनु.वि.अधिकारी पुलिस आकाश अमलकर के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी आष्टा रविन्द्र यादव के नेतृत्व में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं स्थाई वारंटियों की धर पकड़ हेतु थाना आष्टा पुलिस टीम गठित की गई थी। आष्टा पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देशो के पालन में आज दिनांक 02 अप्रैल्ल को न्यायालय के एक प्रकरण में फरार शातिर स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया। शातिर फरार स्थाई वारंटी के संबंध में पुलिस को मुखबिर तंत्र से सूचना प्राप्त हुई कि वारंटी होली के पर्व पर अपने घर आ सकता है। जिस पर कार्यवाही कर पुलिस को आज वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई जिसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक राकेश पंथी चौकी प्रभारी अमलाहा थाना आष्टा, सउनि शिवचरण परमार , आर 213संजय चंद्रवंशी, सैनिक 269 गजराज का सराहनीय काम रहा है।

# आष्टा के उपार्जन केंद्रों का तहसीलदार और नायाब तहसीलदार ने किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जिले के उपार्जन केन्द्रों में गेहूं उपार्जन का कार्य सुगमता से संचालित किया जाए ,इसके लिए कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने राजस्व अधिकारियों को गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर जिले के सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। प्रभारी तहसीलदार पंकज पवैया, नायाब तहसीलदार मुकेश सांवले ने खाचरोद, खामखेड़ा जत्रा, पगारिया हाट खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया और उन्होंने बताया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान प्रभारी तहसीलदार पंकज पवैया एवं नायाब तहसीलदार मुकेश सांवले ने खरीदी केंद्रों पर तौल काटा, बिजली, पानी, छाया, छन्ना, नमी, हम्मामों की उपलब्धता, सर्वेयर की उपस्थिति, बारदाना आदि व्यवस्थाएं देखी और समिति प्रबंधकों से चर्चा कर किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की निर्देश दिए हैं। समिति प्रबंधकों से कहा कि किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए तथा वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेना हो तो तुरंत सूचित करें।

### पंडित प्रदीप मिश्रा के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना को लेकर कई जगह हो रहे पूजा-पाठ

# सात दिन तक प्रतिदिन चार घंटे किया जाएगा भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




गत दिनों आष्टा महादेव की होली के दौरान शहर की आन, बान और शान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सिर में नारियल की चोट के कारण उनकी नीमच के मनासा में सोमवार से आरंभ होने वाली शिव पुराण कथा स्थागित कर दी, इस मौके पर जैसे ही गुरुदेव ने मनासा से सूचना दी की उनका स्वास्थ्य खराब है और इसके बाद देश के करोड़ों लोगों ने उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना के लिए प्रार्थना शुरू कर दी है। मंगलवार को शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र और संकल्प वृद्धाश्रम में बड़ी संख्या में हितग्राहियों और वृद्धजनों ने लगातार चार घंटे तक संगीतमय सुंदरकांड और भजन कीर्तन किया। इस मौके पर केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती निशा सिंह, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा, उज्जैन के प्रसिद्ध शनि मंदिर के पुजारी सचिन त्रिवेदी, पंडित सुनील पाराशर, नटवर कुशवाहा, विकास अग्रवाल, कमलेश राय आदि शामिल थे।

### फुटबाल खिलाड़ियों ने की प्रार्थना

इधर शहर के चर्च मैदान पर जारी अंडर-20 नेशनल फुटबाल प्रशिक्षण के दौरान जिला फुटबाल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अलावा तीन दर्जन से अधिक खिलाडिय़ों ने पंडित श्री मिश्रा के बेहतर स्वास्थ्य की कामना को लेकर प्रार्थना की। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव श्री कन्नोजिया ने कहा कि पंडित श्री मिश्रा शीघ्र ही कथा करे और हम लोगों के मध्य आए।

### मैच शुरू होने से पहले की प्रार्थना

वहीं शहर के बीएसआई पर चल रही अंडर-16 विधायक क्रिकेट ट्रॉफी के दूसरे दिन मैच आरंभ होने से पहले पीपीसीए अकादमी के कोच चेतन मेवाड़ा, अतुल त्रिवेदी, सचिन वर्मा सहित अन्य ने पंडित श्री मिश्रा के शीघ्र ही बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। मंगलवार को भोपाल की अकिरा टीम और सेंट पोल के मध्य मैच खेला गया था। मैच के पहले एसोसिएशन के मनोज दीक्षित मामा पहुंचे इसके बाद प्रार्थना की गई।

### गणेश मंदिर पर की जाएगी पूजा-अर्चना

विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला जी भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के स्वास्थ्य के विषय में जानकारी दे रहे है और उनका कहना है कि पंडित श्री मिश्रा शीघ्र ही पूरी तरह स्वास्थ्य हो जाएंगे। वहीं जिला संस्कार मंच के तत्वाधान में बुधवार को प्राचीन गणेश मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इसके अलावा वृद्धाश्रम में लगातार सात दिनों तक प्रतिदिन चार घंटे भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

# हाथ भट्टी से बनी 60 लीटर महुआ की अवैध कच्ची शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

चुनाव आचार संहिता के पालन में पुलिस पार्टी के भ्रमण के दौरान ग्राम धींगाखेड़ी थाना जावर में धींगा खेड़ी और धींगाखेड़ी चौकी के बीच स्थित आरोपी अमरसिंह पिता भेरा जी के खेत पर बनी टपरी में हाथ भट्टी से बनी 60 लीटर कीमत 6000 रुपए महुआ की अवैध कच्ची शराब को प्लास्टिक के4 कुप्पो में भर कर रखा था। आरोपी को मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया है । जिस पर थाना हाजा पर अप 90/24 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम कायम कर विवेचना की जा रही है। आरोपी को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उपरोक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक थाना प्रभारी जावर आर ,एन ,मालवीय ,उपनिरीक्षक अनिल डोडियार, प्र आर भरतराम,आर पवन, सै जगदीश,सै मानसिंह , सै राहुल, सै देवपाल की सरहानिय भुमिका रही।

खबर संक्षेप

### अतिक्रमण की वजह से यातायात बाधित, लोग हो रहे परेशान

**जीरापुर।** नगर परिषद की अनियमिता एवं अव्यवस्थाओं के चलते नगर के मुख्य मार्ग पर आए दिन होता है यातायात अवरुद्ध। अक्सर देखने में यह आता है कि चहुंओर अतिक्रमण की वजह से यह परेशानी आम नागरिकों को झेलने पर मजबूर होना पड़ता है।नगर के इंदर चैराहे चारों तरफ जाने आने वाले मार्ग पर दुकानदारों द्वारा बाहरी अस्थाई अतिक्रमण यातायात को अवरुद्ध करता ह क्योंकि दुकानदारों द्वारा अपने दुकान के सामने सड़क किनारे तक अपना समान जमा किया हुआ है। नगर के आवास कालोनी की ओर जाने वाले मार्ग पर इंदर चैराहे पर विगत वर्षों में अतिक्रमण हटाकर रोड चोड़ा किया गया था। लेकिन कतिपय लोगों द्वारा अस्थाई रूप से उक्त स्थान पर अतिक्रमण कर रखा है, जो नगर परिषद की निगाह है इससे स्पष्ट होता है कि नगर परिषद अतिक्रमण को अनदेखा कर आवागमन बाधक में सहायक सिद्ध है।

पॉक्सो एक्ट विशेष न्यायाधीश ने सुनाई सजा, आरोपी पर अर्थदंड भी लगाया

# बेहोशी की दवा खिलाकर दुष्कर्म आरोपी को 20 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पड़ोस में रहने वाली नाबालिग बालिका को बेहोशी की दवा खिलाकर बाद में उसके साथ दुराचार की घटना कारित करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 20 साल के सश्रम कारावास सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया है।



### क्या था पूरा मामला

जिला लोक अभियोजक आलोक कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 अप्रेल 2022 को नाबालिग पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसका घर पास-पास में था। पड़ोस में रहने के चलते वे एक-दूसरे को पहचानते भी थे। एक दिन आरोपी ने उसे अपने घर खाना खाने के लिए बुलाया। जब वो उसके घर बिरयानी खाने गई तो खाने के बाद उसे चक्कर आने लगे। उसकी बेशुध हालत में गोरधन ने उसके साथ बलात्कार किया। जब पीड़िता ने मना किया तो आरोपी ने छोटे भाई को जान से खत्म करने की धमकी दी। इस डर से उसने किसी को कुछ नहीं बताया।

### जांच करवाई तब मालूम हुआ पीड़िता गर्भवति

कुछ महीने बाद जब पीड़िता के पेट में दर्द हुआ था तो उसने पूरी घटना परिजनों को बताई। परिजन उसे लेकर सुल्तानिया अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने बताया कि वो गर्भवति है। इसके उपरान्त आरक्षी केंद्र राजगढ़ में आरोपी गोरधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया। पुलिस ने गोरधन पर धारा 376, 376(3), 328, 342 एवं पॉक्सो अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए चालान कोर्ट में प्रस्तुत किया।

### गवाह और सबूतों के आधार पर सुनाई सजा

प्रकरण में अभियोजन के महत्वपूर्ण गवाहों के कथन न्यायालय में करवाए गए। विचारण उपरान्त जिला न्यायालय में पदस्थ तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष एवं विषेष न्यायाधीष पॉक्सो एक्ट अब्दुल कदीर मंसूरी ने तमाम सबूतों एवं गवाहों के आधार पर आरोपी गोरधन को 20 वर्ष के सश्रम कारवास की सजा सुनाई है। वहीं 7 हजार रुपए के अर्थदंड से भी उसे दंडित किया गया है।

भोजपुर थाना क्षेत्र का मामला

# प्रेम प्रसंग के चलते युवक युवती ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



भोजपुर थानाक्षेत्र के तहत एक प्रेमी युगल द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा व अन्य कार्रवाई उपरान्त शवों को पोस्टमार्टम के लिए खिलचीपुर अस्पताल भिजवाया। उधर, मृतक युवक के परिजनों ने युवती के परिजनों पर हत्या के आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार डोब गांव निवासी रामचरण तंवर (20) और परसपुरा निवासी रोड़ीबाई(19) के शव एक बकरी चराने वाले को जंगल में पड़े दिखे। उसके द्वारा गांव के चौकीदार को सूचित किया गया। चौकीदार ने तुरंत पुलिस को घटना से अवगत कराया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भिजवाया। पुलिस की मालूमात में पता चला कि दोनों की बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। उधर, मृतक युवक रामचरण के भाई ने आरोप लगाया कि मृतिका रोड़ीबाई के परिजनों ने उसके भाई की हत्या की है क्योंकि बकरी चराने वाले ने शव को जमीन पर पड़ा देखा था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# जंगली सूअर के मांस, जिंदा तीतर सहित शिकारी पकड़ाए, वन अमले ने की कार्रवाई

मुखबिर की सूचना के बाद की गई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र में वन्य प्राणियों के शिकार के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। वनपरिक्षेत्र राजगढ़ की टीम ने जंगली सूअर के मांस एवं जिंदा तीतर पक्षियों के साथ एक शिकार को पकड़ने में सफलता पाई है। शिकारी के पास से शिकार में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न सामान भी बरामद किए गए हैं।

वनपरिक्षेत्र अधिकारी देवकरण भिलाला ने बताया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि कालीपीठ क्षेत्र में एक शिकारी षिकार के मकसद से घूम रहा है। सूचना को गंभीरता से लेकर डीएफओ बेनीप्रसाद दोतानिया को अवगत कराकर एक टीम गठित की गई। टीम ने सिंदूरिया, आंबा के वन्य क्षेत्र में दबिष दी। यहां जयपाल पिता बद्रीलाल पारदी निवासी ग्राम कड़ियाषाल तहसील बैरसिया जिला भोपाल संदेहास्पद स्थिति में एक व्यक्ति को पकड़ में आया। जयपाल के पास से वन अमले को एक बड़े थेले में जंगली सूअर का 22 किलो मांस, 4 जिंदा तीतर, तीतर के बच्चे जब्ती में लिए गए। आरोपी के पास से षिकार में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न सामान, खरगोष एवं तीतर पकड़ने का जाल, चाकू, कुल्हाड़ी बरामद हुए हैं।

### वन्य प्राणी अधिनिय के तहत की कार्रवाई

आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए उस पर वन्य प्राणी अधिनियम की विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में वनपाल राजू गुर्जर, रंजीत सिंह पोषवाल, अर्जुन मालवीय, भानूप्रताप सिंह, बबीता रघुवंषी सहित अन्य शामिल थे।

परिजनों में हर्ष का माहौल

# संस्कार विद्या निकेतन ब्राह्मण गांव के दो बच्चों का नवोदय में




हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

निकटतम ब्राह्मण गांव में संचालित संस्कार विद्या निकेतन हाई स्कूल के दो होनहार छात्र-छात्राओं ने नवोदय विद्यालय परीक्षा में बाजी मारी है।

संस्था से कक्षा 5 वीं से कक्षा 6 टी प्रवेश के लिए दिव्या दांगी एवं आयुष दांगी का जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया में प्रवेश हेतु चयन हुआ है। दोनों छात्र छात्राओं के चयन से संस्कार विद्या निकेतन हाई स्कूल के प्राचार्य सहित बच्चों के अभिभावकों में हर्ष हैं। उल्लेखनीय है कि सन् 1986 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जिले में ग्रामीण होनहार छात्र छात्राओं को निशुल्क शिक्षा आवासीय योजना के साथ प्रदान करने हेतु इस महती योजना की शुरुआत की गई थी। योजना के तहत जिले में केवल एक स्कूल खोलने का प्रावधान था जिसमें राजगढ़ जिले में खुजनेर के निकट कचनारिया गांव में जवाहर नवोदय विद्यालय संचालित है। यहां प्रवेश करने वाले छात्र छात्राओं को निशुल्क शिक्षा के साथ आवास एवं भोजन की सुविधा भी उपलब्ध रहती है। यहां से पढ़ने वाले कई ग्रामीण छात्र छात्राओं ने वर्तमान में कई महत्वपूर्ण पदों पर चयनित होकर अपने भविष्य को संवारा है।

# कायाकल्प सोमवारिया सड़क निर्माण में ठेकेदार कर रहा घटिया सामग्री उपयोग

जिम्मेदार अधिकारी भी नहीं दे रहे इस ओर ध्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

शहर में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत नगर में नगर की सड़कों की मरम्मत तथा निर्माण हेतु नगरीय क्षेत्र की प्रमुख सडकों का नवीनीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाना है ,नगरीय विकास एवं आवास मंत्री द्वारा नगर परिषद निकाय के लिए प्रावधानित राज्य अनुदान राशि रूपये 50 लाख खिलचीपुर निकाष को प्रदाय किया था। इस राशि से निकाय में उच्च गुणवत्ता की सड़कों का निर्माण एवं खराब सड़कों के डामरीकरण सीमेंटीकरण की कार्यवाही की जानी थी, इस योजना के तहत नगर परिषद द्वारा शहर की सड़क भोजपुर नाका से नेशनल हाईवे 52 सोमावरिया तक नगर परिषद द्वारा मार्ग शामिल किया है, जिसका कायाकल्प अभियान के क्रियान्वयन हेतु उल्लेखित 50 लाख रुपए राशि के अंतर्गत सड़क का चयन किया था। उक्त सड़क पर ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण आए दिन किया जा रहा है, नागरिकों द्वारा बार-बार शिकायत के बाद भी सड़क का घटिया निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण कार्य में परिवर्तित नहीं हुआ है। शहर की बाईपास सड़क की मांग काफी उठ रही थी इसी को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन नगर परिषद अध्यक्ष राम जानकी मालाकार द्वारा क्षेत्र सोमावरिया रोड़ का चयन कर प्रस्ताव भेजा था जिसकी 50 लाख रुपए की लागत का बायपास रोड नेशनल हाईवे 52 से गाड़ गंगा नदी पुलिया राम सेतु तक बनवाये जाने पर सहमति दी थी ,जिससे कि लगभग एक दर्जन ग्रामों का संपर्क बायपास मार्ग से सीधे खिलचीपुर नगर में प्रवेश करने में हो सके नगर का वाहनों का दबाव भी काम हो किंतु उनके इस सपने को निर्माण करता ठेकेदार पलीता लगा रहा है आए दिन अखबारों के खबरों में प्रकशित होती रहती है ।

### ठेकेदार पर शासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं होने से ठेकेदार के हौसले बुलंद

शुरुआती दौर में सोमवारिया बाईपास रोड़ गाड़ गंगा नदी से नेशनल हाईवे 52 तक बीच में डिवाइडर बनाये जा रहे थे उसी समय जगह जगह से टूटने लग गए थे लेकिन अभी भी गुणवत्ता हीन निर्माण कार्य किया जा रहा है इस मामले में कोई ठोस कार्यवाही नही होने से ठेकेदार लगातार शासन को चूना लगाकर घटिया निर्माण किये जा रहा है।

### ठेकेदार द्वारा नहीं लगाया सड़क निर्माण विवरण बोर्ड

सड़क निर्माण के पूर्व ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण संबंधी लागत, लंबाई - चैड़ाई बोर्ड लगाया जाता है जिससे कि शहर वासीयो को सड़क की गुणवत्ता और लंबाई चैड़ाई ज्ञात हो सके किंतु उपरोक्त बायपास मार्ग पर कहीं भी लागत बोर्ड नहीं लगाया गया है जिससे कितने रुपए की सड़क का निर्माण हो रहा है लोगों को जानकारी नहीं मिल पा रही है और किस तरह सड़क का निर्माण होना है कैसे मटेरियल लगना है इससे भी लोग अनभिज्ञ हैं जबकि निर्माण के पूर्व ही बोर्ड लगाया जाना चाहिये।

### निरीक्षण करूंगा

हां यहां बात सही है कि सोमवारिया बाई पास से भोजपुर नाका तक जो रोड बन रहा है। वह सही नहीं बन रहा कायाकल्प रोड की शिकायत मेरे पास आई थी मैं स्वयं जाकर रोड का निरीक्षण करूंगा और नगर परिषद को निर्देशित करूंगा।


**हजारी लाल दाँगी** विधायक खिलचीपुर

### निजी नलकूप खनन पर आगामी आदेश तक पूरी तरह प्रतिबंध

**राजगढ़।** इस वर्ष जिले में औसत से भी काफी कम वर्षा हुई है और जल-स्तर में काफी गिरावट दर्ज की गई है। इसी को को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी हर्ष दीक्षित ने संपूर्ण जिले में अषासकीय व निजी नलकूप खनन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। अनुविभागीय दंडाधिकारी की अनुमति के बिना कोई भी बोरिंग मषीन न तो प्रवेष करेगी(सार्वजनिक सड़कों से गुजरने वाली मषीनों को छोड़कर) न ही बिना अनुमति खनन हो पाएगा। राजस्व एवं पुलिस अधिकारी ऐसी बोरिंग मषीनों जो अवैध रूप से जिले की सीमा में प्रवेष करेगी अथवा नलकूप/बोरिंग का प्रयास करेगी उन्हें जब्त कर एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। इस आदेष का उल्लंघन होता पाए जाने पर संबंधित मप्र पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

# धर्मशाला में मनाया महिलाओं ने फाग उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा



फाग उत्सव में महिलाओं द्वारा महिला संगीत के माध्यम से होली रसिया एवं फाग गीतों पर बड़े सार्थक रूप से जमकर नृत्य एवं कीर्तन किया साथ ही साथ बच्चों द्वारा राधे कृष्ण की मनमोहक झांकियां एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी समाजसेवी मुकेश चैधरी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाग उत्सव नगर के मेडतवाल धर्मशाला मैं बड़ी धूमधाम मनाया फाग उत्सव में समाज की सर्व महिलाओं ने जो प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से सबका सहयोग मिला उसके लिए महिला मंडल द्वारा आभार व्यक्त किया साथ ही समाज की महिलाओं को समाज के समस्त कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर समाज को सार्थक रूप से गौरवान्वित कर एकता का परिचय देने की बात कही गई दाख परिवार की टिया राधिका बबली मैं भी राधा कृष्ण बनकर फाग उत्सव कार्यक्रम की शोभा को गोरांवित किया तथा टॉक परिवार चैधरी परिवार सेठिया परिवार भंडारी परिवार समस्त महिलाओं ने मिलकर जो इस फाग उत्सव की गरिमा को गौरान्वित किया है वह बहुत सराहनीय दृश्य रहा।

भव्य रामकथा का होगा आयोजन, पंडित श्याम स्वरूप मनावत द्वारा की जाएगी रामकथा

# चेत्र नवरात्र में होगा भव्य 108 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मालवांचल की प्रसिद्ध शक्ति पीठ माँ बिजासन धाम भैंसवा कलाली माताजी का भव्य दिव्य अलौकिक मंदिर निर्माण 30 करोड़ रुपए की लागत से होने वाला है और यह मंदिर दान की राशि से ही बनेगा इसका संकल्प माँ बिजासन परिवार द्वारा लिया गया है। संकल्प से सिद्धि की इस यात्रा का माध्यम 108 कुंडीय शतचंडी महायज्ञ को बनाया गया है, हर वर्ष की तरह तीसरे वर्ष की तैयारिया माँ बिजासन परिवार द्वारा प्रारंभ कर दी गई है लगातार 5 वर्षों तक भव्य दिव्य 108 कुंडीय शतचंडी महायज्ञ करने का लक्ष्य है।

सभी देवी देवताओं का आह्वान होगा और भव्य मंदिर का निर्माण होगा जो आस्था भक्ति का प्रमुख केंद्र मालवा अंचल के लिए युग युगांतर तक भावी पीढ़ी के लिए प्रमुख धार्मिक केंद्र रहेगा। इस केंद्र से शिक्षा, योग, वैदिक ज्ञान, धर्म, सनातन, संस्कृति, चिकित्सा पद्धति, पर्यावरण के प्रति सकारात्मक , सर्वे भवंतु सुखिनः भाव का संदेश प्रसारित होगा।

### भव्य सात मंजिला बनाई गई यज्ञ शाला

इसी क्रम में भव्य वा विशाल यज्ञशाला का कार्य पूर्ण कर दिया गया है। यज्ञशाला के शिखर का कार्य कुशल कारीगरों द्वारा पूर्ण रूप देकर 55 फीट की ऊँचाई पर कलश वा ध्वज को स्थापित किया गया है।

### 55 फिट है यज्ञ शाला की ऊँचाई

55 फिट की ऊँचाई कुल 7 मंजिल में पूर्ण की गई है , जो कि बिहार के दरभंगा जिले के 20 साल से अधिक अनुभवी कारीगर, एवं उनके पूर्वजों के अनुभव के आधार पर 14 कुशल कारीगरों द्वारा 20 दिन में की गई है। यज्ञ शाला के निर्माण बाँस, लिप्टिस ओर नारियल की रस्सी का उपयोग किया गया है। यज्ञ शाला में छाव के लिए चटाई का उपयोग भी हुआ है, जो असम के कुशल कारीगरों द्वारा बनवाकर, असम से मंगवाई गई है। महायज्ञ में व रामकथा का श्रवण करने के लिए आने वाले भक्तो को शुद्ध ठंडा जल शुलभता से मिले इस लिए समिति द्वारा बीस आस्थाई प्याऊ बनाई गई है जिसमे बीस बीस मटके रखे जाएंगे वही स्थाई व्यवस्था के लिए पांच अलग अलग स्थानो पर पानी की टंकी बनाई गई है जिसमे पेयजल टेंकरो वा कुंडलिया परियोजना से पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

### साफ-सफाई की उचित व्यवस्था

महायज्ञ अवसर पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा साफ सफाई के लिए ट्रस्ट समिति के सफाई कर्मियों की सेवाएं ली जाएगी नगर पालिका सारंगपुर, पचैर, एवं खुजनेर, छापिहेड़ा नगर पालिका से सफाई कर्मी लगाए जाएंगे एवं आस्थाई शौचालय सहित फायर ब्रिगेड भी यही से लगाए जाएंगे। महायज्ञ की शुरुवात में विशाल कलश यात्रा दिनांक 9 अप्रेल को सुबह 9 बजे प्रारम्भ जो शुरू की जाएगी जिसमे हजारों कन्याए कलश लेकर चलेगी कलश यात्रा में बैंड डीजे एवं ताशे भी प्रमुखता से रहेंगे। माहयज्ञ में प्रधान कुंड सहित उप प्रधान कुंड वा चतुर्स कुण्ड पर करीब दो हजार जीजमान जोड़े यज्ञ में घी एवं शाकल्या आहुति दी जाएगी यज्ञ आचार्य पंडित इंद्रजीत पाराशर एवं संजय कृष्ण व्यास ने बताया की एक कुंड पर एक जोड़ा घी की आहुति एवं तीन जोड़े शाकल्या आहुति दे सकते है। इसी के साथ हर कुंड पर एक एक पंडित मंत्रोचार के लिए रहेंगे वही करीब बीस पंडित स्वास्ती वचन एवं दुर्गा पाठ करेंगे यज्ञ में करीब डेढ़ सौ विद्वान पंडित मौजूद रहेंगे!

### होंगी आवास की उचित व्यवस्था

यज्ञ आहुति पर बैठने वाले जीजमान जोड़े जो बाहर से आएंगे और रात्रि विश्राम यही करेंगे उनके लिए एवं उपस्थित पंडितो के लिए आवासीय व्यवस्था का उचित प्रबंध समिति की और से किया गया है। यज्ञ वैदि पर आहुति देने के लिए जजमान जोड़ो से समिति लगातार सम्पर्क कर रही है समिति की अलग अलग टीम गांव गांव में जा जा कर भक्तो से महायज्ञ और कथा में शामिल होने का आग्रह कर रही है।

# जिले के थाना ब्यावरा शहर पुलिस को मिली सफलता

आचार संहिता का उल्लंघन पाए जाने पर 90 हजार एफएसटी टीम ने कराए जब्त



7 लाख 90 हजार का मशरूका जब्त, ब्यावरा पुलिस की कार्रवाई

**ब्यावरा।** पुलिस अधीक्षक राजगढ़ आदित्य मिश्रा द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 की आचार संहिता लागू होने के उपरांत चुनाव पारदर्शी , निष्पक्ष व शांतिपूर्ण कराए जाने हेतु नियमों का गंभीरता से पालन कराने हेतु जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व सभी थाना प्रभारीगण को निर्देशित किया गया। जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा राजगढ़ एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ब्यावरा नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ब्यावरा शहर के नेतृत्व में कार्रवाई करने हेतु एक टीम का गठन किया जिसने मुखबिर की सूचना पर एफएसटी टीम के साथ मिलकर ब्यावरा शहर में अंजनी लाल मंदिर के पास से एक व्यक्ति से आचार संहिता का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 90,000 रुपए एवं एक बोलेरो गाड़ी जिसकी कीमती 7 लाख रूपये कुल मशरूका 7 लाख 90 हजार रूपये का विधिवत जप्त किए गए हैं।उपरोक्त कार्य में थाना प्रभारी ब्यावरा शहर निरीक्षक वीरेंद्र सिंह धाकड़, उनि मोहर सिंह मण्डेलिया आर रवि मौर्य आर रामदीन धाकड़ एवं एफएसटी टीम से, कार्यवाहक वनपाल दिनेश नगर, पटवारी दिलीप शर्मा पटवारी महेश शर्मा हल्का क्रमांक 79 झारखेड़ा का विशेष योगदान रहा।